Roll No. ....................

Total No. of Questions: 28]

**013**

[Total No. of Printed Pages: 08

# 1101

## कक्षा 11 वीं परीक्षा, 2018

# HINDI SPECIAL

## हिन्दी विशिष्ट

Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100

*निर्देश:*

*(i)* *वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल करें।*

*(ii)* *प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए (1×5×5=25) अंक निर्धारित हैं।*

*(iii)* *प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं।*

*(iv)* *प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं।*

*(v)* *प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं।*

*(vi)* *प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए 5–5 अंक निर्धारित हैं।*

*(vii)* *प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3) 10 अंक निर्धारित हैं।*

प्र.1 उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए– (1×5=5)

(i) ..................................................के तीन भाग है साखी, सबद्र और रमैनी। (बीजक / विनय पत्रिका)

(ii) सतपुड़ा पर्वत की सबसे ऊँची चोटी .............................................................. है। (एवरेस्ट / धूपगढ़)

(iii) 'अग्नि की उड़ान' ............................ की आत्मकथा है। (डॉ ए.पी.जे अब्दुलकलाम / महात्मा गाँधी)

(iv) 'ऊँट के मुँह में जीरा' का अर्थ ........................................... हैं। (आवश्यकता से कम / बहुत अधिक)

(v) खण्डकाव्य में जीवन का .................................................. चित्रण होता है। (समग्र / खण्ड–भाग का)

प्र.2 सही विकल्प का चयन कीजिए– (1×5=5)

(i) तुलसीदास जी की भक्ति भावना में प्रधानता है–

(क) सखा भाव

(ख) दास्य भाव

(ग) माधुर्य भाव

(घ) दाम्पत्य भाव

(ii) 'मर्यादा' एकांकी में निहित है–

(क) पारिवारिक आदर्श

(ख) सामाजिक आदर्श

(ग) सांस्कृतिक आदर्श

(घ) धार्मिक आदर्श

(iii) डॉ चन्द्रशेखर वेंकटरमन को नोबल पुरस्कार मिला था–

(क) साहित्य में

(ख) रसायन विज्ञान में

(ग) समाज शास्त्र में

(घ) भौतिक विज्ञान में

(iv) "भोपाल में" अनेकों आदमी रहते हैं। का शुद्ध रूप है–

(क) भोपाल में रहते है अनेकों आदमी।

(ख) अनेकों आदमी रहते है भोपाल में।

(ग) भोपाल में अनेक आदमी रहते है।

(घ) भोपाल में अनेकों सज्जन रहते है।

(v) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले धर्म कहलाते हैं–

(क) शब्दशक्ति

(ख) छन्द

(ग) शब्दगुण

(घ) अलंकार

प्र.3 सत्य / असत्य का चयन कीजिए– (1×5=5)

(i) केशवदास रीतिकाल के आचार्य कवि थे।

(ii) नीरा के पिता को रामायण पढ़ने का शौक था।

(iii) डॉ नगेन्द्र काठमाण्डू यात्रा पर गए थे।

(iv) 'टेढ़ी खीर' मुहावरे का अर्थ खीर बनाना है।

(v) रस को काव्य की आत्मा कहा जाता है।

प्र.4 सही जोड़ी बनाइये– (1×5=5)

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (i) बरसो रे | (क) पवन |
| (ii) कोणार्क | (ख) प्रिय प्रवास |
| (iii) सरजू भैया | (ग) वीरेन्द्र मिश्र |
| (iv) 'पौन' का तत्सम है | (घ) रामवृक्ष बेनीपुरी |
| (v) महाकाव्य | (ङ) जगदीश चन्द्र माथुर |
| | (च) बादल |
| | (छ) पंचवटी |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए– (1×5=5)

(i) उस सम्पत्ति का नाम लिखो जो व्यय करने पर बढ़ती है।

(ii) नीरा की माँ का क्या नाम था?

(iii) 'बंदी पिता का पत्र' किसके द्वारा लिखा गया है?

(iv) "आँख का अंधा नाम नयन सुख" लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।

(v) 'पतन पाप पाखंड जले' पंक्ति में कौन – सा अलंकार है?

प्र.6 कृष्ण ने किसका घमण्ड चूर करने के लिए गोवर्धन धारण किया था? (2)

<u>अथवा</u>

माता कौशल्या बालक राम की नजर उतारने के लिए क्या – क्या उपक्रम करती हैं?

प्र.7 गोप – सुता पार्वती माँ से क्या वरदान माँगती है? (2)

<u>अथवा</u>

अच्छे लोग सम्पत्ति का संचय किसलिए करते है?

प्र.8 गंगा की धार के मध्य स्थित द्वीप कवि को कैसा दिखाई देता है? (2)

<u>अथवा</u>

"तीन बेर खाती थीं, वे तीन बेर खाती हैं" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्र.9 'साधो देखो जग बौराना' पद के माध्यम से कबीर क्या कहना चाहते हैं? (2)

<u>अथवा</u>

राधा ने विरह व्यथा में डूबे ब्रजवासियों को कर्त्तव्य पालन का उपदेश क्यों दिया था?

प्र.10 'यातनाओं के अन्धेरे में सफर होता है।' का आशय लिखिए। (2)

<u>अथवा</u>

'कवि सुमन जी' के अनुसार सफलता प्राप्त करने का मूलमंत्र क्या है?

प्र.11 शिरीष निर्धात फूलता रहता है लेखक ने ऐसा क्यों कहा है? (2)

**अथवा**

मीता की विदेश न जाने के पीछे क्या भावना थी?

प्र.12 'मर्यादा' एकांकी में सपना देखने से पहले जगदीश क्या सोचता था? (2)

**अथवा**

धर्मपद विशु से क्यों मिलना चाहता था?

प्र.13 "भोलाराम की दरख्वास्तें उड़ रही हैं," उन पर 'वजन' रखिए" वाक्य में वजन शब्द किसकी ओर संकेत कर रहा है? (2)

**अथवा**

गाँधीजी के अनुसार गीता की शिक्षा का मनुष्य के आचरण पर क्या प्रभाव पड़ता है?

प्र.14 नेताजी के तुलादान में क्या -- क्या वस्तुएँ अर्पित की गई थी? (2)

**अथवा**

'इत्यादि' शब्द का जन्म कब हुआ था? उसके माता -- पिता का नाम लिखिए।

प्र.15 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए-- (2)

(i) उसे उत्तीर्ण होने की आशंका है।

(ii) मोहन कुत्ते को डंडे से मारा।

**अथवा**

निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए।

(i) राष्ट्र से संबंधित भाव।

(ii) किए गए उपकार को मानने वाला।

प्र.16 वीर रस का उदाहरण लिखिए। (2)

**अथवा**

दोहा छंद का उदाहरण लिखिए।

प्र.17 "शास्त्री जी अत्यंत लोकप्रिय थे।"लोकप्रियता के तीन कारण लिखिए। (3)

**अथवा**

"सवा सेर गेहूँ" कहानी के आधार पर शंकर के चरित्र की तीन विशेषताएँ लिखिए।

प्र.18 भाव – विस्तार कीजिए– (3)

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।

**अथवा**

विस्मयादिबोधक चिन्ह् की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

प्र.19 काव्य गुण कितने प्रकार के होते है? उदाहरण सहित समझाइये। (3)

**अथवा**

शब्द शक्ति के कितने भेद हैं? उदाहरण सहित समझाइये।

प्र.20 भक्ति आन्दोलन की चार विशेषताएँ लिखिए (4)

**अथवा**

रीतिकाल की चार विशेषताएँ लिखिए।

प्र.21 उपन्यास और कहानी में चार अंतर लिखिए। (4)

**अथवा**

रेखाचित्र और संस्मरण में चार अंतर लिखिए।

प्र.22 सूरदास अथवा रामधारी सिंह 'दिनकर' का साहित्यिक परिचय निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए:– (4)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष – कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.23 आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी अथवा श्रीमती मालती जोशी का साहित्यिक परिचय निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए :– (4)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा – शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग, विशेष सहित व्याख्या कीजिए:– (4)

नयना देय बताय सब, हिय को हेत अहेत।<br>
जैसे निर्मल आरसी, भली बुरी कहि देत।।<br>
कारज धीरे होतु है, काहै होत अधीर।<br>
समय पाय तरूवर फलै, केतक सींचो नीर।।

**अथवा**

वायस। तू पिक मध्य ह्वै कहा करै अभिमान।
ह्वै हैं बंस सुभाव की बोलत ही पहिचान।।
बोलत ही परिचान कान कटु तेरी बानी।
वे पंचम धुनि मंजु करै जिहिं कविन बखानी।।

प्र.25 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग, विशेष सहित व्याख्या कीजिए:— (4)

आसक्ति प्रस्तुत या उपस्थित वस्तु में ही ठीक कही जा सकती है। कर्म सामने उपस्थित रहता है। इससे आसक्ति उसी में चाहिए, फल दूर रहता है, इससे उसकी ओर कर्म का लक्ष्य काफी है। जिस आनंद से कर्म की उत्तेजना होती है और जो आनंद कर्म करते समय तक बराबर चला चलता है उसी का नाम उत्साह है।

**अथवा**

हम पढ़ते हिन्दी थे। उर्दू भी हमको पढ़ाई जाती थी, परन्तु आपस में हम अपनी भाषा में ही बोलती थीं। वह बहुत बड़ी बात थी। हम एक मेस में खाना खाते थे, एक प्रार्थना में खड़े होते थे, कोई विवाद नहीं होता था।

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

समाज में मान – सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए मनुष्य का पढ़ा – लिखा होना आवश्यक है। शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बालक का मौलिक अधिकार है। पढ़ा – लिखा व्यक्ति ही ज्ञानी और बुद्धिमान बनता है तथा समाज में उच्च पदों को प्राप्त करता है। अनपढ़ मनुष्य को समाज में कोई स्थान प्राप्त नहीं होता। लोग उसे मूर्ख और गँवार समझते हैं, उसके द्वारा दिए गए परामर्शो पर कोई विचार नहीं करना चाहता। तात्पर्य यह है कि अनपढ़ व्यक्ति समाज में उपेक्षा के भाव से देखा जाता है

प्रश्न–

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

(ii) समाज में सम्मान प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है? (1)

(iii) प्रत्येक बालक का मौलिक अधिकार क्या है? (1)

(iv) समाज अनपढ़ व्यक्ति को किस भाव से देखता है? (1)

(v) विलोम शब्द लिखिए– (1)

  (i) मूर्ख

  (ii) उपेक्षा

प्र.27 कविता – पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

शाला शुल्क मुक्ति हेतु आर्थिक कारण बताते हुए विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 – 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखो– (7)

(i) समाज में नारी का स्थान

(ii) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन

(iii) पर्यावरण संरक्षण हमारा दायित्व

(iv) जीवन में खेलों का महत्त्व

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए– (3)

(i) कम्पयूटर का महत्व

(ii) स्वच्छ भारत अभियान

(iii) मेरी रोचक यात्रा

(iv) जल संरक्षण

.........................................................